मेरा यार सांवरा | by Vinit Rajvanshi

साथ देना मेरा हर बार सांवरे
मैंने माना तुम्हे अपना यार सांवरे
साथ देना मेरा...........

मैंने दुनिया को ठुकरा दिया है
नाम जब से तेरा ले लिया है
मेरे श्याम सांवरे मेरे श्याम धणी
मुझको हर पल मिले तेरा प्यार सांवरे
मैंने माना तुम्हे अपना यार सांवरे
साथ देना मेरा...........

श्याम तुमको है अपना बनाया
छवि तेरी को दिल में बसाया
मेरे श्याम सांवरे मेरे श्याम धणी
अब नैया लगाओ मेरी पार सांवरे
मैंने माना तुम्हे अपना यार सांवरे
साथ देना मेरा...........

दिल ये लगता नहीं है कहीं पे
आसमा में भी तू है ज़मी पे
मेरे श्याम सांवरे मेरे श्याम धणी
इक नज़र तो मुझे भी निहार सांवरे
मैंने माना तुम्हे अपना यार सांवरे
साथ देना मेरा...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-vinit-rajvanshi/